# वाहन पलटने से करीब एक दर्जन महिला-पुरूष घायल

## तीन गम्भीर घायलों को अस्पताल में भर्ती किया, अन्य को छुट्टी दी

■ जुगाड़ वाहन से रिश्तेदारी में तीये की बैठक में जा रहे थे परिजन

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** समीपवर्ती मीनापाडा गांव के बस स्टैंड के नजदीक नए ग्राम पंचायत भवन के सामने बुधवार दोपहर एक जुगाड़ वाहन एकाएक अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे उसमें सवार 11 महिला-पुरुष घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से गंगापुर सिटी जिला अस्पताल लाया गया। इनमें गंभीर रूप से घायल तीन महिलाओं को भर्ती किया गया, अन्य को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

घायलों के परिजनों ने बताया कि बुधवार को वे जुगाड़ से रामसिंहपुरा बामनवास से तीये की बैठक में भाग लेने के लिए दोपहर करीब 12 बजे खेड़ाजीवद की ओर जा रहे थे। जुगाड़ में महिला-पुरुषों सहित करीब 20 लोग सवार थे। इसी दौरान जुगाड़ गंगापुर सिटी-सवाई माधोपुर मथुरा मेगा हाइवे पर मीनापाडा बस स्टैंड के नजदीक नए ग्राम पंचायत भवन के सामने एकाएक अनियंत्रित होकर पलट गया। जुगाड़ के पलटते ही लोगों में चीख-पुकार मच गई। घटनास्थल पर काफी संख्या में भीड़ लग गई। लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस से घायलों को गंगापुर सिटी जिला अस्पताल लाया गया।



गंगापुर सिटी में हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

यहां पर तीन महिलाओं की गंभीर हालत होने पर उन्हें भर्ती कर लिया गया, जबकि अन्य घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। घायलों में रुकमणी (45) पत्नी जगनलाल रामसिंहपुरा, कंचन (70) पत्नी किशोरी निवासी रामसिंहपुरा, कमला (40) पत्नी कल्याण भिवाड़ी, नादान पुत्र बद्री, रामफूल पुत्र बुद्धा, फूलो पत्नी हरिया, फूलवती पत्नी ठंडीराम, जलबाई पत्नी घनश्याम, विमला पत्नी चेला, रामनरी पत्नी बाबूलाल, मोहरबाई पत्नी विजय आदि शाामिल है।

# अजमेर : कोटड़ा सर्विस रिजर्वायर के लिए भूमि आवंटित

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने निर्देश दिये

■ 13.5 करोड़ की लागत, 30 मिलियन लीटर पानी स्टोर होगा

**अजमेर, (कासं)।** जलापूर्ति के लिहाज से अंतिम छोर पर होने की परेशानी झेलने वाली अजमेर उत्तर की करीब 2 लाख आबादी शीघ्र ही एक सुखद एवं बड़े बदलाव की साक्षी बनने जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश के बाद अजमेर विकास प्राधिकरण ने विवेकानंद स्मारक के पास उंचाई पर कोटड़ा सर्विस रिजर्वायर के लिए भूमि आवंटित कर दी है। यहां 13.5 करोड़ की लागत से 30 मिलियन लीटर क्षमता का एसआर टैंक बनेगा।

राज्य सरकार ने बजट घोषणा में अजमेर शहर की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए 270 करोड़ रूपए की योजनाएं स्वीकृत की थी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निरंतर बैठकें ली और विभिन्न विभागों से संबंधित कामकाज को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इन निर्देशों की पालना में अजमेर विकास प्राधिकरण ने विवेकानंद स्मारक के पास पहाड़ी पर सर्विस रिजर्वायर के लिए भूमि आवंटित कर दी है। जलदाय विभाग शीघ्र ही भूमि का कब्जा लेकर एस.आर. टैंक निर्माण शुरू करेगा।

जलदाय विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टैंक स्थापित करने के लिए पर्याप्त भूमि आवंटित की गई है। इस एस.आर. टैंक के निर्माण पर 13.5 करोड़ रूपए की लागत आएगी। रिजवार्यर के लिए आवंटित भूमि काफी उंचाई पर है। इसके निर्माण से हरिभाऊ उपाध्याय नगर, बी. के. कोल नगर, पुष्कर रोड, पत्रकार कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, रामनगर, गणपति नगर, वैशाली नगर और आसपास के क्षेत्रों के करीब 50 हजार घरों तक पूरे प्रेशर से जलापूर्ति होगी।

अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में चयनित भूमि आनासागर झील के लेवल से काफी उंची है। पहाड़ी भी है और उसके भी उपर करीब 9 मीटर ऊंचाई का एस.आर. बनेगा। यानि प्राकृतिक रूप से ही एस.आर. काफी उंचाई पर होगा। विभाग का मानना है कि इतनी उंचाई से पानी सप्लाई होने पर पम्पिंग के लिए ज्यादा बिजली की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस टैंक तक पानी की सप्लाई नसीराबाद से विशेष रूप से डाली जा रही पाइप लाइन से होगी। यह पाइप लाइन बिसलपुर से आ रही मेन लाइन से कनेक्टेड होगी यानि अजमेर उत्तर के अंतिम छोर तक पानी सीधा आएगा और उसे कहीं और कनेक्ट नहीं किया जाएगा। कोटड़ा एस.आर. में पानी की उपलब्धता सदैव बनी रहेगी। इसका फायदा यह होगा कि शहर में पानी की आपूर्ति का समय अंतराल घटने या बढ़ ने की समस्या भी समाप्त हो जाएगी और पानी एक निश्चित समय पर ही आएगा।

गौरतबल है कि राज्य सरकार ने बजट में अजमेर की पेयजल समस्या के समाधान के लिए 270 करोड़ रूपए की योजनाएं स्वीकृत की हैं। इस राशि से अजमेर में नसीराबाद से नौसर कोटड़ा तक पाइप लाइन और कोटड़ा, पृथ्वीराज नगर एवं लोहागल में सर्विस रिजर्वायर बनाए जाने हैं।

# ग्रामीणों से भरी पिकअप असंतुलित होकर पलटी, एक दर्जन घायल

**छबड़ा, (निसं)।** मदनाखेड़ी से छबड़ा आ रही ग्रामीणों से भरी पिकअप छबड़ा कुंभराज सड़क मार्ग पर मोरला पठार पर असंतुलित होकर पलट गई, जिसमें सवार एक दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हो गए, जिनमे आधा दर्जन गंभीर घायलों को उपचार के बारां रैफर कर दिया है। पाली थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पाली थाने के हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र गालव ने बताया कि मदनाखेड़ी से छबड़ा की तरफ आ रही पिकअप मोरला पठार पर असंतुलित होकर पलट जाने से उसमे सवार मंजू बाई (18) पुत्री जगना बंजारा, भूरी बाई पत्नी बाबूलाल बंजारा, लक्ष्मीबाई (18) पुत्री नन्नूलाल खेरवा, किशनी बाई (60) पत्नी कालूराम बंजारा, जमनाबाई (40) पत्नी रूपसिंह बंजारा की हालत गंभीर होने के कारण बारां रैफर किया गया है। वहीं, बुन्देल पुत्र बंशीलाल खेरवा, गिर्राज पुत्र भैरूलाल खेरवा, लल्ली बाई पत्नी कैलाश बंजारा, भगवती बाई पत्नी रामलाल, दिनेश पुत्र रामलाल, खेमी बाई पत्नी नवल, अम्मी बाई पत्नी मन्नालाल, संता बाई पत्नी रामलाल का छबड़ा चिकित्सालय में उपचार किया।



छबड़ा चिकित्सालय में चिकित्सकों ने घायलों का उपचार किया।

## सरे बाजार युवक ने आत्महत्या की

**कोटा, (निसं)।** रामपुरा कोतवाली थाना इलाके में सरे बाजार एक युवक के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक ने डिवाईडर पर लगे पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर बाजार के आसपास काफी जाम लग गया। यह घटनाक्रम भी जयपुर गोल्डन के नजदीक हुआ जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। रामपुरा कोतवाली थाना अधिकारी बृजबाला सिंह का कहना है कि शव को रिकवर कर अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया गया है। लड़के के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। उसके हाथ पर धनराज लिखा हुआ है और उम्र करीब 25 से 28 वर्ष के बीच है।

## मारवाड़ महोत्सव का आग़ाज़

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में मारवाड़ महोत्सव का आगाज बुधवार सुबह छह बजे सूर्य आराधना के साथ हुआ। हेरिटेज वॉक, शोभायात्रा, बीएसएफ का केमल टेटू शो और सैन्य शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। दोपहर में मूंछ प्रतियोगिता, साफा बांध प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम हुए। फेस्टिवल को राजस्थान की अलग-अलग संस्कृति की थीम पर आधारित किया गया है।

पर्यटन विभाग की सहायक निदेश डॉ. सरिता फिरोदा ने बताया कि मारवाड़ महोत्सव का आयोजन देशी-विदेशी पर्यटकों को राजस्थान की संस्कृति से रुबरू करवाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। 16 और 17 अक्टूबर को कई आकर्षक कार्यक्रम होने वाले हैं। मारवाड़ महोत्सव में हर दिन शाम के समय कई सेलिब्रिटी और फेमस लोक कलाकार सांस्कृतिक संध्या में अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे।

# घर से निकले युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**भीलवाड़ा, (निसं)।** पड़ोसी जिले शाहपुरा के फूलियाकलां थाना क्षेत्र में एक दिन पहले बिना बताये घर से निकले दो बच्चों के पिता का शव बुधवार सुबह जंगल में खेजड़ी के पेड़ से लटका मिला।

फूलियाकलां थाना प्रभारी देवराज सिंह के बताया कि, बुधवार सुबह उम्मेदपुरा के जंगल में ग्रामीणों ने एक युवक की खेजड़ी के पेड़ पर रस्सी के फंदे से झुलती लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, जहां ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने मृतक के कनेछनकलां का निवासी होने की बात कही। इसके चलते पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलवाया। परिजनों ने मृतक की पहचान कनेछनकलां निवासी ओमप्रकाश (30) पुत्र बख्साराम बैरवा के रूप में की। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। टीम ने साक्ष्य जुटाये। इसके बाद शव को फंदे से उतारकर मोर्चरी भिजवा दिया, जहां मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट दी है, जिसमे बताया गया कि ओमप्रकाश मंगलवार सुबह पांच बजे बिना किसी को बताये घर से निकला था, जो लौटकर नहीं आया। वह अक्सर घर से चला जाता था, इसके चलते परिजनों ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। ओमप्रकाश की पत्नी तीन साल पहले उसे छोड़कर अन्यत्र नाते चली गई थी। इसके बाद से ओमप्रकाश परेशान था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इसी बात को लेकर उसने खुदकुशी की है। मृतक एक बेटे और एक बेटी का पिता था। उसकी पत्नी इन बच्चों को भी ओमप्रकाश के पास छोड़कर नाते चली गई। दोनों बच्चे अभी ओमप्रकाश के पास ही रह रहे थे। ओमप्रकाश के खुदकुशी करने के बाद इन दो बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

# रुपयों के लेनदेन को लेकर मोबाइल शॉप पर फायरिंग

## दुकान के अंदर बैठे मालिक व ग्राहक निशाना चूकने से बच गए

■ आरोपी युवक की पहचान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से हुई

**झालावाड़, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार शाम मंगलपुरा स्थित एक मोबाइल शॉप पर रुपयों के लेनदेन को लेकर एक युवक फायरिंग कर मौके से फरार हो गया इस दौरान दुकान के अंदर बैठे मालिक व ग्राहक आरोपी का निशाना चूकने से बच गए और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकान के बाहर लगा शीशा चकनाचूर हो गया।

एडिशनल एसपी चिरंजी लाल मीणा ने बताया कि मोबाइल शॉप पर एक युवक के द्वारा फायरिंग की गई है युवक की पहचान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से की जा चुकी है। पुलिस जल्द आरोपी को डिटेन कर लेगी। एडिशनल एसपी ने कहा कि युवक के द्वारा दो दिन पूर्व मोबाइल शॉप से मोबाइल किस्तों में लिया गया था। पैसे की लेनदेन को लेकर युवक ने दुकान मालिक पर फायरिंग कर दी। उन्होंने कहा कि फायरिंग में फिलहाल कोई हताहत नहीं हुआ हैं पुलिस ने आरोपी की पहचान फरहान नाम के व्यक्ति के रूप में की है।

फिलहाल, पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। शहर में फायरिंग की सूचना आग की तरफ फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं, सूचना मिलने पर डीएसपी हर्षराज सिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची व शॉप का मौका मुआयना किया। पुलिस ने शॉप में लगे सीसीटीवी फुटेज जुटाए और बाद में मौके पर एडिशनल एसपी चिरंजी लाल मीणा भी पहुंचे।

## किशोरी ने आत्महत्या की

**सादुलपुर, (निसं)।** सिद्धमुख थाना अंतर्गत गांव गवालिसर में एक 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मंगलवार दोपहर करीब एक बजे दर्ज प्रकरण में थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि राजेंद्र कुमार निवासी गवालिसर ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 14 अक्टूबर को सुबह वह बहल हरियाणा में कार्य के लिए गया हुआ था, समय करीब 11.30 बजे के आसपास उसके भाई पवन ने फोन कर कहा कि जल्दी घर आओ जरूरी काम है, जिसके बाद बहल से रवाना होकर घर पहुंचा तो घर पहुंच कर देखा था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री कमरे में लगे पंखे के हुक से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या को अंजाम दे दिया। चुन्नी काटकर शव को नीचे उतारा गया तो उसके भाई के लड़के ने गांव के एक निजी डॉ. को फोन कर बुलाया, जिसने उसकी पुत्री की जांच कर मृत घोषित कर दिया। दर्ज मामले में बताया कि दुर्घटना के बाद अपने परिवार और समाज के लोगों से चर्चा कर बिना किसी पुलिस कार्रवाई और पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार कर दिया पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# सर्प ने एक महिला सहित चार जनों को डसा, परिवार और गांव में हड़कंप

■ मांची गांव में दो दिन पूर्व सर्पदंश से पिता-पुत्र की मौत के बाद उसी परिवार के एक महिला सहित चार जनों को सर्प ने फिर डस लिया

■ सर्पदंश से घायल हुए तीन जनों को करौली के सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया, उपचार जारी

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय के निकट मांची गांव में दो दिन पूर्व सर्पदंश से पिता-पुत्र की मौत के बाद बुधवार को तीसरे दिन वहीं मृतक के परिवारजन एक महिला सहित चार जनों को सर्प ने फिर डस लिया, जिससे गांव में भय वातावरण बना हुआ है। सर्पदंश से घायल हुए तीन जनों को करौली के सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व यहां के निकट मांची गांव में पिता-पुत्र को सर्प ने डस लिया था, जिनकी मौत हो गई थी। बुधवार को तीसरे दिन वहीं उसी गांव में मृतक के परिवारजन की एक महिला सहित चार जनों को सर्प ने डस लिया, जिससे पूरे गांव में भय का वातावरण फैल गया। सर्प ने गांव के मृतक परिवारजन के नागेंद्र सिंह राजपूत ब्यावर के पिता बाबूसिंह और दीपेंद्र सिंह सहित एक महिला अंकिता को डस लिया, जिनको परिवारजन और गांव के लोग घायल अवस्था में सामान्य चिकित्सालय ले गये, जहां ड्यूटी चिकित्सक ने उनको आईसीयू वार्ड में भर्ती कर उपचार जारी किया। इस दौरान चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा, डॉ. कैलाश मीणा ने घायलों को अपनी देखरेख में उपचार चालू करवाया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी रामकेश मीणा ने बताया कि सर्प के डसने से घायल लोगों को उचित उपचार दिया जा रहा है और अब सामान्य स्थिति में है और खतरे से बाहर है।

वहीं गत दो दिन पूर्व सर्पदंश से पिता-पुत्र की हुई मौत को लेकर परिवारजन के नगेन्द्र सिंह राजपूत ने चिकित्सा प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि गत 14 अक्टूबर को प्रात: 3:30 बजे सर्पदंश से घायल हुए पिता-पुत्र को सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए लेकर आये जहां ड्यूटी चिकित्सक ने घोर लापरवाही करते हुए सर्पदंश के मरीज को आईसीयू वार्ड में भर्ती ना करते सामान्य वार्ड में भर्ती कर दिया गया और किसी वरिष्ठ चिकित्सक व एनेस्थिसिया चिकित्सक को नहीं बुलाया गया। सर्पदंश के प्रकरण में प्रोटोकॉल के तहत मरीज का उपचार वरिष्ठ चिकित्सक व एनेस्थिसिया चिकित्सक की देखरेख में आईसीयू वार्ड में किया जाता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं करने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। उन्होंने सर्पदंश पीड़ितों के उपचार में बरती गई लापरवाही की जांच कर दोषी पाये जाने वाले चिकित्सक और चिकित्साकर्मी के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की है।



करौली में दर्पदंश से घायलों का अस्पताल में चिकित्सकों ने उपचार किया।

# यूथ कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव की कांग्रेस में वापसी पर विवाद शुरू हुआ

■ हाल ही में कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल ने विजय सिंह राजू को माला पहनाकर उनकी कांग्रेस में वापसी का स्वागत किया था

■ राहुल गांधी को हराने के लिए भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकर्ता बिना प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति के पार्टी में नहीं आ सकते

**कोटा, (निसं)।** यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह राजू जिन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस का हाथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का का दामन थाम लिया था कि कांग्रेस में पुन: वापसी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हाल ही में पूर्व मंत्री व कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल ने विजय सिंह राजू को माला पहनाकर उनकी कांग्रेस में वापसी का स्वागत किया था। अब शांति धारीवाल के निकटतम लोग ही इसका विरोध कर रहे हैं।

कोटा के स्थानीय नेता और शहर कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया ने बताया कि लोकसभा चुनाव के समय हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को हराने के लिए कुछ लोग पार्टी से विद्रोह कर भाजपा में शामिल हो गये और राहुल गांधी को हराने के लिए काम किया था ऐसे लोगों में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह राजू ने भी कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए और राहुल गांधी को हराने के लिए काम किया। ऐसे लोगों को प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के द्वारा पार्टी की सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था, जिन्हें केवल प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा ही दोबारा पार्टी में लिया जा सकता है कोई ओर व्यक्ति उस व्यक्ति को पार्टी में शामिल नहीं कर सकता यह अधिकार क्षेत्र केवल प्रदेश अध्यक्ष के पास ही रहता है।

इस संदर्भ में जब दूरभाष पर जब प्रदेश अध्यक्ष से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जिन्होंने लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को हारने के लिए कांग्रेस की सदस्यता छोड़कर भाजपा में चले गए थे उन लोगों को हमारे द्वारा 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है और बिना मेरे नोटिस में आये उन्हें कोई कांग्रेस में शामिल नहीं कर सकता जिन्होंने पार्टी से गद्दारी करी और हमारे नेता राहुल गांधी को हराने का कार्य करा है उनके लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। शहर कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया ने इसी संदर्भ में कांग्रेस नेता लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल से भी इस संदर्भ में उनसे बात हुई। तब प्रहलाद गुंजल ने कहा कि जिस व्यक्ति ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हराने के लिए कांग्रेस से अलग होकर भाजपा की सदस्यता ली है और हमारे नेता राहुल गांधी को हराने के लिए काम क्या हो एवं जिस व्यक्ति को प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के द्वारा 6 साल के लिए निष्कासित किया गया हो तो यह अधिकार क्षेत्र प्रदेश अध्यक्ष का ही बनता है कि वह उन्हें पार्टी में शामिल करें या नहीं, उनके अलावा कोई और नेता बिना प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति के पार्टी से निष्कासित हुए व्यक्ति को कांग्रेस में शामिल नहीं कर सकते। अगर उस व्यक्ति को कांग्रेस में शामिल होना है तो प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति आवश्यक है और हमारी प्रदेश अध्यक्ष आपसे बात हुई तो उन्होंने कहा कि मेरे संज्ञान में अभी कोई व्यक्ति नहीं है जो कांग्रेस छोड़कर वापस कांग्रेस में शामिल हो रहा हो और जिन्होंने कांग्रेस पार्टी से गद्दारी की है उनकी पार्टी में कोई जगह नहीं है और मेरी अनुमति के बिना मेरे द्वारा निष्कासित व्यक्ति को कोई भी पदाधिकारी पार्टी में शामिल नहीं कर सकता है।

शहर कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया ने कहा कि जिन्होंने लोकसभा चुनाव में हमारे नेता राहुल गांधी को हराने के लिए काम किया है ऐसे व्यक्तियों को हम कांग्रेस में स्वीकार नहीं करेंगे इसकी शिकायत आगे तक लेकर जाएंगे। इस मौके पर अजय भान सिंह शक्तावत, नीरज शर्मा, महेश अनीजवाल, अमित सूद महेश रेगर मनीष सुमन हैदर अली हरीश नगर शाकिर अली अनवर हुसैन विजय कोडप आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# न्यायाधीश ने जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान के अनुसार अजय शर्मा (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), एवं विशाल भार्गव (अपर जिला न्यायाधीश) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागृह, भीलवाड़ा का निरीक्षण किया।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने जेल अधीक्षक भैरूसिंह राठौड़ एवं जेल चिकित्सक अभीषक शर्मा से बंदियों के स्वास्थय तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली एवं बंदियों की स्वास्थ्य संबंधी शिकायत के त्वरीत समाधान हेतु निर्देशित किया एवं जेल परिसर में स्थित रसोईघर का भी निरीक्षण कर बंदियों को दिये जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे मे जाना और किसी बंदी के अधिवक्ता नहीं होने पर वह विधिक सहायता हेतु निशुल्क अधिवक्ता हेतु आवेदन करने के बारे में बताया गया। महिला बंदियों के बैरक का निरीक्षण कर महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने साफ सफाई रखने व अन्य आवश्यक दिशा निर्देश जेल अधीक्षक को दिए।

भार्गव ने बंदियों को बताया कि अगर बंदी ने प्रथम अपराध की एक तिहाई सजा जेल में पूर्ण कर चुका है तो वो जमानत का हकदार हैं। साथ ही बंदियों को नि:शुल्क पैरवी हेतु लीगल एड काउसंलिंग स्कीम से नियुक्त अधिवक्ताओं के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने जिला पुस्तकालय के सहयोग से प्राप्त प्रेरणादायक पुस्तकें जेल बंदियों को भेंट की एवं बंदियों को किताबें पढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि समाज व नियमों के बारे में किताबें ही बताती है। इस अवसर पर जेलर हीरा लाल गुर्जर, जेलर स्वीटी, डॉ. अभिषेक शर्मा, निर्मल जैन, मनोज व्यास एवं अन्य उपस्थित थे।



अजय शर्मा जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने जिला कारागृह, भीलवाड़ा का निरीक्षण किया।